2022 का विधेयक सं.20

राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022

(जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किया जायेगा)

राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 को और संशोधित करने के लिए विधेयक।

भारत गणराज्य के तिहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.- (1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2022 है।

(2) यथा अन्यथा उपबंधित के सिवाय, इस अधिनियम के उपबंध उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जो राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे:

परन्तु इस अधिनियम के भिन्न-भिन्न उपबंधों के लिए भिन्न-भिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी और इस अधिनियम के प्रारंभ के ऐसे किसी उपबंध में किसी निर्देश का अर्थान्वयन उस उपबंध के प्रवृत्त होने के प्रति निर्देश से किया जायेगा।

2. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 16 का संशोधन.- राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9), जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 16 में,-

(i) उप-धारा (2) में,-

(क) विद्यमान खण्ड (ख) एवं इसके स्पष्टीकरण के पश्चात् और विद्यमान खण्ड (ग) के पूर्व निम्नलिखित नया खण्ड अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(खक) ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को धारा 38 के अधीन संसूचित उक्त प्रदाय के संबंध में इनपुट कर प्रत्यय के ब्यौरे निर्बंधित न कर दिये जायें;"; और

(ख) खण्ड (ग) में विद्यमान अभिव्यक्ति **"**या धारा 43क**"** को हटाया जायेगा; और

(ii) उप-धारा (4) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "सितंबर मास के लिए धारा 39 के अधीन विवरणी के दिये जाने की देय तारीख" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "तीस नवंबर" प्रतिस्थापित की जायेगी।

3. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 29 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 29 की उप-धारा (2) में,-

(i) खण्ड (ख) में विद्यमान अभिव्यक्ति "तीन क्रमवर्ती कर कालावधियों तक विवरणी" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "किसी वित्तीय वर्ष के लिए, विवरणी के दिये जाने की नियत तारीख से तीन मास के पश्चात् तक उक्त विवरणी" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(ii) खण्ड (ग) में विद्यमान अभिव्यक्ति **"**लगातार छह मास की कालावधि तक**"** के स्थान पर अभिव्यक्ति **"**ऐसी निरंतर कर कालावधि**,** जो विहित की जाये**,** तक**"** प्रतिस्थापित की जायेगी।

4. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 34 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 34 की उप-धारा (2) में विद्यमान अभिव्यक्ति **"**सितंबर मास**"** के स्थान पर अभिव्यक्ति **"**तीस नवंबर**"** प्रतिस्थापित की जायेगी।

5. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 37 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 37 में,-

(i) उप-धारा (1) में,-

(क) विद्यमान अभिव्यक्ति "इलेक्ट्रानिक रूप में" के पश्चात् एवं विद्यमान अभिव्यक्ति "ऐसे प्ररूप में" से पूर्व अभिव्यक्ति **"**ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए और**"** अंत:स्थापित की जायेगी**;**

(ख) विद्यमान अभिव्यक्ति **"**उक्त प्रदाय के प्राप्तिकर्ता को ऐसी समयावधि के भीतर और ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, संसूचित किये जायेंगे" के स्थान पर**,** अभिव्यक्ति "उक्त प्रदाय के प्राप्तिकर्ता को ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, ऐसी समयावधि के भीतर और ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, संसूचित किये जायेंगे**"** प्रतिस्थापित की जायेगी**;**

(ग) विद्यमान प्रथम परन्तुक हटाया जायेगा;

(घ) द्वितीय परन्तुक में विद्यमान अभिव्यक्ति "परन्तु यह और कि" के स्थान पर अभिव्यक्ति "परन्तु" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ङ) तृतीय परन्तुक में विद्यमान अभिव्यक्ति "परन्तु यह और भी कि" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "परन्तु यह और कि" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) विद्यमान उप-धारा (2) हटायी जायेगी;

(iii) उप-धारा (3) में,-

(क) विद्यमान अभिव्यक्ति "और जो धारा 42 या धारा 43 के अधीन बिना मिलान के रह गये हैं" को हटाया जायेगा; और

(ख) प्रथम परन्तुक में विद्यमान अभिव्यक्ति "सितंबर मास के लिये धारा 39 के अधीन विवरणी देने" के स्थान पर अभिव्यक्ति "तीस नवंबर" प्रतिस्थापित की जायेगी; और

(iv) इस प्रकार संशोधित उप-धारा (3) के पश्चात् निम्नलिखित नयी उप-धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"(4) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को उप-धारा (1) के अधीन जावक प्रदाय के ब्यौरे किसी कर कालावधि के लिए देने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जायेगा, यदि उसके द्वारा किन्हीं पूर्ववर्ती कर कालावधियों के लिए जावक प्रदाय के ब्यौरे नहीं दिये गये हैं:

परन्तु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किये जायें, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति या रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के किसी वर्ग को उप-धारा (1) के अधीन जावक प्रदायों के ब्यौरे देने के लिए अनुज्ञात कर सकेगी यद्यपि उसने एक या अधिक पूर्ववर्ती कर कालावधियों के लिए जावक प्रदायों के ब्यौरे नहीं दिये हैं।"।

6. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 38 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 38 के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"38. आवक प्रदाय और इनपुट कर प्रत्यय के ब्यौरों की संसूचना.- (1) रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों द्वारा धारा 37 की उप-धारा (1) के अधीन दिये गये जावक प्रदायों और ऐसे अन्य प्रदायों, जो विहित किये जायें, के ब्यौरे और इनपुट कर प्रत्यय के ब्यौरों को अंतर्विष्ट करते हुए स्वत:जनित विवरण ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से, ऐसे समय के भीतर-भीतर और ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किये जायें, ऐसे प्रदायों के प्राप्तिकर्ताओं को इलेक्ट्रानिक रूप में उपलब्ध करवाया जायेगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन स्वत:जनित विवरण निम्नलिखित से मिलकर बनेगा-

(क) आवक प्रदायों के ब्यौरे, जिनके संबंध में इनपुट कर का प्रत्यय प्राप्तिकर्ता को उपलब्ध हो सके; और

(ख) प्रदायों के ब्यौरे, जिनके संबंध में धारा 37 की उप-धारा (1) के अधीन दिये जाने वाले उक्त प्रदायों के ब्यौरों के मद्धे, प्राप्तिकर्ता द्वारा या तो पूर्णत: या भागत: ऐसे प्रत्यय का उपभोग नहीं किया जा सके,-

(i) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्रीकरण लेने की ऐसी कालावधि के भीतर-भीतर जो विहित की जाये; या

(ii) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा, जिसने कर के संदाय में व्यतिक्रम किया है और जहां ऐसा व्यतिक्रम ऐसी कालावधि के लिए, जो विहित की जाये, जारी रहा है; या

(iii) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा, जिसके द्वारा संदेय आउटपुट कर ऐसी कालावधि के दौरान, जो विहित की जाये, उक्त उप-धारा के अधीन उसके द्वारा दिये गये जावक प्रदाय के विवरण के अनुसार, उक्त

कालावधि के दौरान उसके द्वारा संदत्त आउटपुट कर ऐसी सीमा, जो विहित की जाये, से अधिक है; या

(iv) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा, जिसने ऐसी कालावधि के दौरान, जो विहित की जाये, उस रकम के इनपुट कर के प्रत्यय का उपभोग किया है, जो उस प्रत्यय से जिसका उसके द्वारा खण्ड (क) के अनुसार उपभोग किया जा सकता है, से ऐसी सीमा, जो विहित की जाये, से अधिक है; या

(v) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा, जिसने ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किये जायें, धारा 49 की उप-धारा (12) के उपबंधों के अनुसार अपने कर दायित्व के निर्वहन में व्यतिक्रम किया है; या

(vi) व्यक्तियों के ऐसे अन्य वर्ग द्वारा, जो विहित किया जाये।"।

7. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 39 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 39 में,-

(i) उप-धारा (5) में विद्यमान अभिव्यक्ति **"बीस दिवसों"** के स्थान पर अभिव्यक्ति **"तेरह दिवसों"** प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) उप-धारा (7) में विद्यमान प्रथम परन्तुक के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जो उप-धारा (1) के परन्तुक के अधीन विवरणी देता है,-

(i) माल या सेवाओं या दोनों के आवक और जावक प्रदायों, उपभोग किये गये इनपुट कर प्रत्यय, संदेय कर और मास के दौरान ऐसी अन्य विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए देय कर के समतुल्य रकम; या

(ii) खण्ड (क) में निर्दिष्ट रकम के स्थान पर ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किये जायें, अवधारित रकम,

का सरकार को ऐसे प्ररूप में और रीति से तथा ऐसे समय के भीतर, जो विहित किये जायें, संदाय करेगा:";

(iii) उप-धारा (9) में,-

(क) विद्यमान अभिव्यक्ति **"**धारा 37 और धारा 38 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, यदि**"** के स्थान पर शब्द **"**जहां**"** प्रतिस्थापित किया जायेगा;

(ख) परन्तुक में**,** विद्यमान अभिव्यक्ति "सितंबर मास के लिए, या दूसरी तिमाही के लिए, विवरणी देने की नियत तारीख" के स्थान पर अभिव्यक्ति **"**तीस नवंबर**"** प्रतिस्थापित की जायेगी**;**

(iv) उप-धारा (10) में विद्यमान अभिव्यक्ति "विवरणी नहीं दी गयी है।" के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"या उक्त कर कालावधि के लिए धारा 37 की उप-धारा (1) के अधीन जावक प्रदायों के ब्यौरे नहीं दिये गये हैं:

परन्तु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो उसमें विनिर्दिष्ट किये जायें, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति या रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के किसी वर्ग को विवरणी प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगी**,** यद्यपि उसने एक या अधिक पूर्ववर्ती कर कालावधियों के लिए विवरणियां प्रस्तुत नहीं की हों या उक्त कर कालावधि के लिए धारा 37 की उप-धारा (1) के अधीन जावक प्रदाय के ब्यौरे नहीं दिये हों।"।

8. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 41 का संशोधन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 41 के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"**41. इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग.-** (1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किये जायें, अपनी विवरणी में स्वत:निर्धारित पात्र इनपुट कर के प्रत्यय का उपभोग करने का हकदार होगा और ऐसी रकम उसके इलेक्ट्रानिक जमा खाते में जमा की जायेगी।

(2) माल या सेवाओं या दोनों के ऐसे प्रदाय के संबंध में रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा उप-धारा (1) के अधीन उपभोग किये गये इनपुट कर का प्रत्यय, जिस पर संदेय कर, प्रदायकर्ता द्वारा संदत्त नहीं किया गया है, उक्त व्यक्ति द्वारा ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, लागू ब्याज के साथ लौटाया जायेगा:

परन्तु जहां ऐसा प्रदायकर्ता पूर्वोक्त प्रदाय के संबंध में संदेय कर का संदाय करता है वहां उक्त रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति उसके द्वारा लौटायी गई प्रत्यय की रकम का ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, पुन: उपभोग कर सकेगा।"।

9. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 42, 43 और 43क का हटाया जाना.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 42**,** 43 और 43क को हटाया जायेगा।

10. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 47 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 47 की उप-धारा (1) में,-

(i) विद्यमान अभिव्यक्ति "या आवक" को हटाया जायेगा;

(ii) विद्यमान अभिव्यक्ति "या धारा 38" को हटाया जायेगा; और

(iii) विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 39 या धारा 45" के पश्चात् तथा विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन के ब्यौरे नियत तारीख तक" से पूर्व अभिव्यक्ति **"**या धारा 52**"** अंत:स्थापित की जायेगी।

11. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 48 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 48 की उप-धारा (2) में विद्यमान अभिव्यक्ति **"**धारा 38 के अधीन आवक प्रदायों के ब्यौरे**"** हटायी जायेगी।

12. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 49 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 49 में,-

(i) उप-धारा (2) में, विद्यमान अभिव्यक्ति **"**या धारा 43क**"** को हटाया जायेगा**;**

(ii) उप-धारा (4) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "ऐसी शर्तों" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अध्यधीन रहते हुए" के पूर्व अभिव्यक्ति "और निर्बंधनों" अंत:स्थापित की जायेगी; और

(iii) विद्यमान उप-धारा (11) के पश्चात्, निम्नलिखित नयी उप-धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"(12) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किये जायें, इस अधिनियम या एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अधीन, आउटपुट कर दायित्व के ऐसे अधिकतम भाग को विनिर्दिष्ट कर सकेगी, जिसका रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति या रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के किसी वर्ग द्वारा, इलेक्ट्रानिक जमा खाते के माध्यम से निर्वहन किया जा सके।"।

13. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 50 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 50 में विद्यमान उप-धारा (3) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा और 1 जुलाई, 2017 से प्रतिस्थापित किया हुआ समझा जायेगा, अर्थात्:-

"(3) जहां इनपुट कर प्रत्यय का गलत रूप से उपभोग और उपयोग कर लिया गया है, वहां रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, गलत रूप से उपभोग और उपयोग किये गये ऐसे इनपुट कर प्रत्यय पर, परिषद् की सिफारिशों पर सरकार द्वारा, यथा अधिसूचित चौबीस प्रतिशत से अनधिक ऐसी दर जो अधिसूचित की जाये पर ब्याज का संदाय करेगा, और ब्याज की गणना ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, की जायेगी।"।

14. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 52 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 52 की उप-धारा (6) के परन्तुक में विद्यमान अभिव्यक्ति "सितंबर मास का विवरण प्रस्तुत करने के लिए नियत तारीख" के स्थान पर अभिव्यक्ति "तीस नवंबर" प्रतिस्थापित की जाएगी।

15. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 54 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 54 में,-

(i) उप-धारा (1) के परन्तुक में विद्यमान अभिव्यक्ति **"**धारा 39 के अधीन प्रस्तुत विवरणी में ऐसे प्रतिदाय का ऐसी रीति**"** के स्थान पर, अभिव्यक्ति **"**ऐसे प्रतिदाय का ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति**"** प्रतिस्थापित की जाएगी**;**

(ii) उप-धारा (2) में विद्यमान अभिव्यक्ति **"**छह मास**"** के स्थान पर अभिव्यक्ति **"**दो वर्ष**"** प्रतिस्थापित की जाएगी**;**

(iii) उप-धारा (10) में विद्यमान अभिव्यक्ति **"**उप-धारा (3) के अधीन**"** हटायी जाएगी**;** और

(iv) उप-धारा (14) के पश्चात् के स्पष्टीकरण के खण्ड (2) में विद्यमान उपखण्ड (ख) के पश्चात् तथा विद्यमान उपखण्ड (ग) के पूर्व, निम्नलिखित नया उपखण्ड अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

> "(खक) विशेष आर्थिक जोन विकासकर्ता या विशेष आर्थिक जोन इकाई को शून्य दर पर माल या सेवाओं अथवा दोनों के प्रदाय की दशा में, जहां, उन्हें ऐसे प्रदाय या यथास्थिति**,** ऐसे प्रदायों में प्रयुक्त इनपुट या इनपुट सेवाओं के संबंध में संदत्त कर का प्रतिदाय उपलब्ध है**,** वहां ऐसे प्रदायों के संबंध में धारा 39 के अधीन विवरणी प्रस्तुत करने के लिए नियत तारीख;"।

16. एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 20 के साथ पठित राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 146 के अधीन जारी अधिसूचना का भूतलक्षी प्रभाव से संशोधन.- (1) एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 20 के साथ पठित राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 146 के अधीन परिषद् की सिफारिशों पर, राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी राजस्थान सरकार के वित्त विभाग की अधिसूचना सं. एफ.12(46)वित्त/कर/2017-पार्ट-IV-163 दिनांक 23 जनवरी, 2018

संशोधित हो जायेगी और प्रथम अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट रीति से, उस अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट तारीख को और से भूतलक्षी प्रभाव से संशोधित समझी जायेगी।

(2) उप-धारा (1) के प्रयोजन के लिए, राज्य सरकार को भूतलक्षी प्रभाव से उक्त उप-धारा में निर्दिष्ट उस अधिसूचना को संशोधित करने की शक्ति होगी और यह समझा जायेगा मानो कि राज्य सरकार को एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 20 के साथ पठित राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 146 के अधीन, उक्त अधिसूचना को भूतलक्षी प्रभाव से, समस्त तात्विक समयों पर संशोधित करने की शक्ति थी।

17. राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 50 की उप-धाराओं (1) और (3), धारा 54 की उप-धारा (12) और धारा 56 के अधीन जारी की गयी अधिसूचना का भूतलक्षी प्रभाव से संशोधन.- (1) राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 50 की उप-धाराओं (1) और (3), धारा 54 की उप-धारा (12) और धारा 56 के अधीन, परिषद् की सिफारिशों पर राज्य सरकार द्वारा जारी, राजस्थान सरकार के वित्त विभाग की अधिसूचना सं. एफ.12(56)वित्त/कर/2017-पार्ट-I-39 दिनांक 29 जून, 2017 संशोधित हो जायेगी और द्वितीय अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट रीति से, उस अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट तारीख को और से भूतलक्षी प्रभाव से संशोधित समझी जायेगी।

(2) उप-धारा (1) के प्रयोजन के लिए, राज्य सरकार को भूतलक्षी प्रभाव से उक्त उप-धारा में निर्दिष्ट अधिसूचना को संशोधित करने की शक्ति होगी और यह समझा जायेगा मानो कि राज्य सरकार को राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 50 की उप-धाराओं (1) और (3), धारा 54 की उप-धारा (12) और धारा 56 के

अधीन, उक्त अधिसूचना को भूतलक्षी प्रभाव से समस्त तात्विक समयों पर संशोधित करने की शक्ति थी।

18. कतिपय मामलों में राज्य कर के उद्ग्रहण या संग्रहण से भूतलक्षी प्रभाव से छूट.- (1) राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 9 की उप-धारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर राज्य सरकार द्वारा जारी राजस्थान सरकार के वित्त विभाग की अधिसूचना सं. एफ.12(56)वित्त/कर/2017-पार्ट-I-40 दिनांक 29 जून, 2017 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, 1 जुलाई, 2017 से प्रारंभ होकर और 30 सितंबर, 2019 (दोनों दिवस सहित) को समाप्त होने वाली कालावधि के दौरान, मत्स्य तेल को छोड़कर, मत्स्य आहार (शीर्ष 2301 के अधीन आने वाले) के उत्पादन के दौरान उत्पन्न अनाशयित अपशिष्ट के प्रदाय के संबंध में, कोई राज्य कर उद्गृहीत या संगृहीत नहीं किया जायेगा।

(2) ऐसे समस्त राज्य कर का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा, जिनका संग्रहण कर लिया गया है, किन्तु, यदि उप-धारा (1) समस्त तात्विक समयों पर प्रवृत्त होती तो उनका इस प्रकार संग्रहण नहीं किया जाता।

19. राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 7 की उप-धारा (2) के अधीन जारी अधिसूचना का भूतलक्षी प्रभाव.- (1) उप-धारा (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 7 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी, राजस्थान सरकार के वित्त विभाग की अधिसूचना सं. एफ.12(46)वित्त/कर/2017-पार्ट-IV-72 दिनांक 30 सितंबर, 2019 समस्त प्रयोजनों के लिए 1 जुलाई, 2017 को और से तथा सदैव से प्रवृत्त हुई समझी जायेगी।

(2) ऐसे समस्त राज्य कर का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा, जिनका संग्रहण कर लिया गया है, किन्तु यदि उप-धारा (1) में निर्दिष्ट

अधिसूचना समस्त तात्विक समयों पर प्रवृत्त होती तो उनका इस प्रकार संग्रहण नहीं किया जाता।

प्रथम अनुसूची

[धारा 16 (1) देखें]

अधिसूचना संख्या और तारीख	संशोधन	संशोधन के प्रभावी होने की तारीख
(1)	(2)	(3)
एफ.12(46)वित्त/कर/ 2017-पार्ट-IV-163 दिनांक 23 जनवरी, 2018	उक्त अधिसूचना के पैरा 1 में, "विवरणियां प्रस्तुत करने और एकीकृत कर की संगणना तथा परिनिर्धारण" शब्दों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:- "विवरणियां प्रस्तुत करने और एकीकृत कर की संगणना और परिनिर्धारण और अधिसूचना संख्या एफ.12(46)वित्त/कर/ 2017-पार्ट-V-104 तारीख 20 दिसंबर, 2019 में अन्यथा उपबंधित के सिवाय राजस्थान माल और सेवा कर नियम, 2017 के अधीन उपबंधित समस्त कृत्य।"।	22 जून, 2017

द्वितीय अनुसूची

[धारा 17 (1) देखें]

अधिसूचना संख्या और तारीख	संशोधन	संशोधन के प्रभावी होने की तारीख
(1)	(2)	(3)
एफ.12(56)वित्त/ कर/2017-पार्ट-I-39 तारीख 29 जून, 2017	उक्त अधिसूचना की सारणी में, क्रम संख्यांक 2 के सामने, स्तंभ (3) में, अंक "24" के स्थान पर, अंक "18" प्रतिस्थापित किये जायेंगे।	1 जुलाई, 2017

उद्देश्यों और कारणों का कथन

राज्य सरकार द्वारा माल या सेवाओं या दोनों के राज्य के भीतर प्रदाय पर कर के उद्ग्रहण और संग्रहण के लिये उपबंध करने की दृष्टि से राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 अधिनियमित किया गया था।

राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित के लिए उपबंध करता है, अर्थात्:-

(i) विधेयक का खण्ड 2 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 16 को उसकी उप-धारा (2) में एक नया खण्ड (खक) अंत:स्थापित करते हुए संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे यह उपबंध किया जा सके कि, किसी प्रदाय के संबंध में इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग केवल तभी किया जा सकेगा जब ऐसा प्रत्यय रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को धारा 38 के अधीन संसूचित ब्यौरों में निर्बंधित नहीं किया गया हो।

इसके अतिरिक्त, यह उप-धारा (4) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे यह उपबंध किया जा सके कि कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, उस वित्तीय वर्ष, जिससे ऐसे बीजक या नामे नोट संबंधित है, की समाप्ति के पश्चात् 30 नवंबर या सुसंगत वार्षिक विवरणी दिये जाने की तारीख, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, के पश्चात् किसी बीजक या नामे नोट के संबंध में कोई इनपुट कर प्रत्यय लेने का हकदार नहीं होगा।

(ii) विधेयक का खण्ड 3 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 29 की उप-धारा (2) के खण्ड (ख) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे यह उपबंध किया जा सके कि धारा 10 के अधीन कर अदा करने वाले व्यक्तियों का रजिस्ट्रीकरण, यदि किसी वित्तीय वर्ष के लिये उक्त विवरणी देने की नियत तारीख से तीन मास पश्चात् तक नहीं दी गयी हो, रद्द किया जा सकेगा।

इसके अतिरिक्त, यह उप-धारा (2) के खण्ड (ग) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे उन निरंतर कर कालावधियों को विहित करने का उपबंध किया जा सके, जिनके लिये विवरणी नहीं दी गयी है जो उसके खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट किसी व्यक्ति से भिन्न, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति के संबंध में रजिस्ट्रीकरण को रद्द करने के लिये दायी बनायेगी।

(iii) विधेयक का खण्ड 4 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 34 की उप-धारा (2) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे यह उपबंध किया जा सके कि वित्तीय वर्ष के अंत के पश्चात् तीस नवंबर या सुसंगत वार्षिक विवरणी फाइल करने की तारीख, इनमें से जो भी पहले हो, को उस वित्तीय वर्ष में किए गये किसी प्रदाय के संबंध में जमा पत्र जारी करने की अंतिम तारीख के रूप में उपबंधित किया जा सके।

(iv) विधेयक का खण्ड 5 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 37 की उप-धारा (1) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे जावक प्रदाय के ब्यौरे देने के लिए शर्तों और निर्बंधनों को और उसके साथ संबंधित प्राप्तिकर्ताओं को ऐसे जावक प्रदायों के ब्यौरों को संसूचित करने की रीति और समयावधि के साथ शर्तों और निर्बंधनों को विहित किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, यह उप-धारा (1) के प्रथम परंतुक को और उप-धारा (2) को हटाये जाने के लिए ईप्सित है, जिससे विवरणी फाइल करने में दो-तरफा संचार प्रक्रिया से बचा जा सके।

यह उप-धारा (3) को भी संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे धारा 42 या धारा 43 के अधीन बिना मिलान के रह गये ब्यौरों के प्रति निर्देश को हटाया जा सके, जैसा कि उक्त धाराओं को हटाये जाने के लिए प्रस्तावित है, और यह

किसी वित्तीय वर्ष के अंत के पश्चात् तीस नवंबर या सुसंगत वार्षिक विवरणी देने की तारीख, उनमें से जो भी पूर्वतर हो, को उप-धारा (1) के अधीन प्रस्तुत जावक प्रदायों के ब्यौरों के संबंध में त्रुटियों या लोप का सुधार करने के लिए अंतिम तारीख के रूप में उपबंधित करने के लिए प्रस्तावित है।

यह उप-धारा (4) को अंत:स्थापित करने के लिए भी ईप्सित है, जिससे उप-धारा (1) के अधीन जावक प्रदायों के ब्यौरों को कर-कालावधिवार अनुक्रम में फाइल करने का उपबंध किया जा सके।

(v) विधेयक का खण्ड 6 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 38 के स्थान पर नयी धारा प्रतिस्थापित करने के लिए ईप्सित है। उप-धारा (1), ऐसे अन्य प्रदायों के साथ ही आवक प्रदायों के ब्यौरों की संसूचना का प्ररूप और रीति, समय, शर्तों और निर्बंधनों तथा प्राप्तिकर्ता को स्वत:जनित विवरण के माध्यम से इनपुट कर प्रत्यय विहित करने और विवरणी फाइल करने में दो तरफा संचार प्रक्रिया से बचने के लिए, उपबंध करने के लिए ईप्सित है।

उप-धारा (2) आवक प्रदायों के ब्यौरों, जिनके संबंध में इनपुट कर का प्रत्यय उपलब्ध हो सकेगा और ऐसे प्रदायों के ब्यौरों, जिन पर प्राप्तिकर्ता द्वारा इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग नहीं किया जा सकेगा, का उपबंध करने के लिए ईप्सित है।

(vi) विधेयक का खण्ड 7 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 39 की उप-धारा (5) का संशोधन करने के लिए ईप्सित है, जिससे यह उपबंध किया जा सके कि अनिवासी कराधेय व्यक्ति एक मास के लिए विवरणी, उस मास के अंत के पश्चात् तेरह दिन के भीतर या धारा 27 की उप-धारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण कालावधि के अंतिम दिन के पश्चात् सात दिन के भीतर, इनमें से जो भी पहले हो, देगा।

इसके अतिरिक्त, यह उप-धारा (7) के पहले परंतुक को प्रतिस्थापित करने के लिए ईप्सित है, जिससे उप-धारा (1) के परंतुक के अधीन विवरणी देने वाले व्यक्तियों को एक विकल्प का उपबंध किया जा सके कि वे या तो स्वत: निर्धारित कर का संदाय करें या ऐसी रकम का संदाय करें, जो विहित की जाए।

यह धारा 37 और धारा 38 के निर्देश को हटाकर उप-धारा (9) को और उक्त उप-धारा (9) के परंतुक को संशोधित करने के लिए भी ईप्सित है, जिससे वित्तीय वर्ष के अंत के पश्चात् तीस नवंबर, या सुसंगत वार्षिक विवरणी देने की तारीख, इनमें से जो भी पहले हो, को धारा 39 के अधीन दी गयी विवरणी में त्रुटियों का सुधार करने के लिए अंतिम तारीख के रूप में उपबंधित किया जा सके।

यह उप-धारा (10) को संशोधित करने के लिए भी ईप्सित है, जिससे धारा 37 की उप-धारा (1) के अधीन किसी कर कालावधि के लिये जावक प्रदायों के ब्यौरे दिये जाने को, धारा 39 के अधीन उक्त कर कालावधि के लिए विवरणी प्रस्तुत करने की शर्त के रूप में उपबंधित किया जा सके।

(vii) विधेयक का खण्ड 8 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 41 के स्थान पर नयी धारा प्रतिस्थापित करने के लिए ईप्सित है, जिससे "अनंतिम" आधार पर पात्र इनपुट कर प्रत्यय के लिए "दावे" की अवधारणा को समाप्त किया जा सके और ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किये जायें, स्वत:निर्धारित इनपुट कर प्रत्यय के उपभोग का उपबंध किया जा सके।

(viii) खण्ड 9 इनपुट कर प्रत्यय का मिलान, उलटाव और वापस लेने से संबंधित राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 42 को हटाये जाने के लिए ईप्सित है, जिससे "अनंतिम" आधार पर पात्र इनपुट कर प्रत्यय के लिए "दावा"

और ऐसे प्रत्यय के पश्चात्वर्ती मिलान, उलटाव और वापस लेने की अवधारणा को समाप्त किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, यह आउटपुट कर दायित्व में कमी का मिलान, उलटाव और वापस लेने से संबंधित धारा 43 को हटाने के लिए ईप्सित है, जिससे विवरणी फाइल करने में दो-तरफा संचार प्रक्रिया को समाप्त किया जा सके। यह धारा 43क को हटाये जाने के लिए भी ईप्सित है।

(ix) विधेयक का खण्ड 10 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 47 की उप-धारा (1) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे धारा 52 के अधीन विवरणी फाइल करने में हुई देरी के लिए विलंब फीस के उद्ग्रहण के लिए उपबंध किया और धारा 38 के प्रति निर्देश को हटाया जा सके, क्योंकि उक्त धारा 38 के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा आवक प्रदायों के ब्यौरे देना अपेक्षित नहीं है।

(x) विधेयक का खण्ड 11 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 48 की उप-धारा (2) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे धारा 38 के प्रति निर्देश को हटाया जा सके, क्योंकि उक्त धारा 38 के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा आवक प्रदायों के ब्यौरे देना अपेक्षित नहीं है।

(xi) विधेयक का खण्ड 12 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 49 की उप-धारा (4) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे इलेक्ट्रानिक जमा खाते में उपलब्ध रकम के उपयोग के लिए निर्बंधन को विहित किये जा सकें।

इसके अतिरिक्त, यह एक नयी उप-धारा (12) को जोड़े जाने के लिए भी ईप्सित है, जिससे आउटपुट कर दायित्व के अधिकतम अनुपात को विहित करने का उपबंध किया जा सके, जिसको इलेक्ट्रानिक जमा खाते के माध्यम से निर्वहन किया जा सकेगा।

(xii) विधेयक का खण्ड 13 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 50 की उप-धारा (3) के स्थान पर एक नयी उप-धारा को भूतलक्षी प्रभाव से 1 जुलाई, 2017 से प्रतिस्थापित किये जाने के लिए ईप्सित है, जिससे गलत रूप से उपभोग और उपयोग किये गये इनपुट कर प्रत्यय पर ब्याज के उदग्रहण का उपबंध किया जा सके, तथा ऐसे मामलों में ब्याज की संगणना की रीति विहित किये जाने का उपबंध किया जा सके।

(xiii) विधेयक का खण्ड 14 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 52 की उप-धारा (6) के परंतुक को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे वित्तीय वर्ष के अंत के पश्चात् तीस नवंबर या सुसंगत वार्षिक विवरणी दिये जाने की तारीख, इनमें से जो भी पहले हो, का ऐसी अंतिम तारीख के रूप में उपबंधित किया जा सके, जिस तक उप-धारा (4) के अधीन प्रस्तुत विवरण में त्रुटियों की परिशुद्धि को अनुज्ञात किया जायेगा।

(xiv) विधेयक का खण्ड 15 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 54 की उप-धारा (1) के परंतुक को संशोधित किये जाने के लिए ईप्सित है, जिससे स्पष्ट रूप से यह उपबंध किया जा सके कि इलेक्ट्रानिक नकद खाते में किसी शेष के प्रतिदाय का दावा, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से किया जायेगा, जो विहित की जाये।

इसके अतिरिक्त, यह उप-धारा (2) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे इसका उक्त उप-धारा में विनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा माल या सेवाओं या दोनों के आवक प्रदायों पर संदत्त कर के प्रतिदाय का दावा करने के लिए, उस तिमाही, जिसमें प्रदाय प्राप्त किया गया था, के अंतिम दिन से दो वर्ष की समय-सीमा का उपबंध करके उप-धारा (1) के साथ संरेखन किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, यह उप-धारा (10) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे उक्त उप-धारा की परिधि का भी प्रकार के प्रतिदाय के दावों तक विस्तार किया जा सके। यह उप-धारा (14) के स्पष्टीकरण के खण्ड (2) में एक नया उपखण्ड (खक) अंत:स्थापित करने के लिए भी ईप्सित है, जिससे किसी विशेष आर्थिक जोन विकासकर्ता या विशेष आर्थिक जोन इकाई को किये गये प्रदायों के संबंध में प्रतिदाय का दावा फाइल करने की सुसंगत तारीख के संबंध में स्पष्टता प्रदान की जा सके।

(xv) विधेयक का खण्ड 16, संख्या एफ.12(46)वित्त/कर/2017-पार्ट-V-104 दिनांक 20 दिसम्बर 2019 द्वारा जारी अधिसूचना में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, राजस्थान माल और सेवा कर नियम, 2017 के अधीन यथा उपबंधित समस्त कृत्यों के लिए, www.gst.gov.in को सामान्य माल और सेवा कर इलेक्ट्रानिक पोर्टल के रूप में, दिनांक 22 जून, 2017 से, भूतलक्षी प्रभाव से अधिसूचित करने के लिए, अधिसूचना संख्यांक एफ.12(46)वित्त/कर/2017-पार्ट-IV-163 दिनांक 23 जनवरी, 2018 को संशोधित करने के लिए ईप्सित है।

(xvi) विधेयक का खण्ड 17 अधिसूचना संख्यांक एफ.12(56)वित्त/कर/2017-पार्ट-I-39 दिनांक 29 जून, 2017 को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 50 की उप-धारा (3) के अधीन ब्याज की दर को, भूतलक्षी प्रभाव से, 1 जुलाई, 2017 से, अठारह प्रतिशत के रूप में अधिसूचित किया जा सके।

(xvii) विधेयक का खण्ड 18, मत्स्य तेल को छोड़कर, मत्स्य आहार (शीर्ष 2301 के अधीन आने वाले) उत्पादन के दौरान उत्पन्न होने वाले अनाशयित अपशिष्ट के प्रदाय के संबंध में 1 जुलाई, 2017 से 30 सितंबर, 2019 तक (दोनों दिवस सम्मिलित हैं) की कालावधि के दौरान भूतलक्षी प्रभाव से राज्य कर से छूट

का उपबंध करने के लिए ईप्सित है।

इसके अतिरिक्त, यह उपबंध करने के लिए ईप्सित है कि ऐसे उक्त कर का कोई प्रतिदाय नहीं किया जायेगा जो पहले ही संगृहीत किया जा चुका है।

(xviii) विधेयक का खण्ड 19 राजस्थान सरकार के वित्त विभाग की अधिसूचना संख्यांक एफ.12(46)वित्त/कर/2017-पार्ट-IV-72 दिनांक 30 सितंबर, 2019 को, 1 जुलाई, 2017 से, भूतलक्षी प्रभाव से लागू करने के लिए ईप्सित है।

इसके अतिरिक्त, यह उपबंध करने के लिए ईप्सित है कि राज्य कर का प्रतिदाय नहीं किया जायेगा, जो पहले ही संगृहीत किया जा चुका है।

यह विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ईप्सित है।

अत: विधेयक प्रस्तुत है।

अशोक गहलोत,

प्रभारी मंत्री।

संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (1) और (3) के अधीन महामहिम राज्यपाल महोदय की सिफारिश।

(प्रतिलिपि संख्या प. 2(26)विधि/2/2022 जयपुर, दिनांक 17 सितम्बर, 2022

प्रेषक: अशोक गहलोत, प्रभारी मंत्री प्रेषिति: सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर)

भारत के संविधान के अनुच्छेद 207 के खण्ड (1) और (3) के प्रसंग में, मैं राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022 को राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किये जाने और विचारार्थ लिये जाने की सिफारिश करता हूं।

वित्तीय ज्ञापन

प्रस्तावित राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022 में राजस्थान की संचित निधि से कोई आवर्ती या अनावर्ती व्यय अंतर्वलित नहीं है।

अशोक गहलोत,

प्रभारी मंत्री।

प्रत्यायोजित विधान संबंधी ज्ञापन

विधेयक का खण्ड 3 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 29 की उप-धारा (2) के खण्ड (ग) को संशोधित करने के लिए ईप्सित है, जिससे नियमों द्वारा उपबंधित किया जा सके उन निरंतर कर कालावधियों, जिनके लिए विवरणी नहीं दी गयी है, जो उसके खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट व्यक्ति से भिन्न किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति के रजिस्ट्रीकरण को रद्दकरण का दायी बनाती।

विधेयक का खण्ड 6 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 38 के स्थान पर एक नयी धारा प्रतिस्थापित करने के लिए ईप्सित है। उप-धारा (1), अन्य प्रदायों के साथ-साथ आवक प्रदायों के ब्यौरे तथा इनपुट कर प्रत्यय की स्वत:जनित विवरण के द्वारा प्राप्तिकर्ता को संसूचना के लिए प्ररूप, रीति, समय, शर्तें और निर्बंधन विनिर्दिष्ट करने के लिए तथा विवरणी फाइल करने में दो तरफा संसूचना प्रक्रिया को हटाने के लिए नियम बनाने हेतु राज्य सरकार को सशक्त करने के लिए ईप्सित है।

विधेयक का खण्ड 8 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 41 के स्थान पर एक नयी धारा प्रतिस्थापित करने के लिए ईप्सित है, जिससे "अनंतिम" आधार पर पात्र इनपुट कर प्रत्यय के "दावे" की अवधारणा को हटाया जा सके तथा ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो नियमों द्वारा उपबंधित किये जायें, स्वत: निर्धारित इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग करने के लिए उपबंध किया जा सके।

विधेयक का खण्ड 12 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 49 में उप-धारा (12) अंत:स्थापित कर उसे संशोधित करने के लिए ईप्सित है जिससे राज्य सरकार को आउटपुट कर दायित्व के ऐसे अधिकतम भाग, जिसका इलेक्ट्रानिक जमा खाते के माध्यम से निर्वहन किया जा सके, को विनिर्दिष्ट करने के लिए नियम बनाने के लिए सशक्त किया जा सके।

विधेयक का खण्ड 13 राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 50 की उप-धारा (3) के स्थान पर एक नयी उप-धारा प्रतिस्थापित करने के लिए ईप्सित है जिससे गलत रूप से उपभोग और उपयोग किये गए इनपुट कर प्रत्यय पर ब्याज के उदग्रहण का उपबंध किया जा सके और ऐसे मामलों में ब्याज की गणना करने की रीति का नियमों द्वारा उपबंध किया जा सके।

ऐसे मामले, जिनके संबंध में विधेयक के उपबंधों के अनुसार नियम या विनियम बनाए जा सकेंगे या अधिसूचना या आदेश जारी किए जा सकेंगे, प्रक्रिया और ब्यौरे के मामले हैं और विधेयक में ही उनके लिए उपबंध किया जाना व्यवहार्य नहीं है। इसलिए, विधायी शक्तियों का प्रत्यायोजन सामान्य प्रकृति का है।

अशोक गहलोत,

प्रभारी मंत्री।

राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) से लिये गये उद्धरण

XX XX XX XX XX

16. इनपुट कर प्रत्यय लेने के लिए पात्रता और शर्तें.- (1) XX XX XX XX XX

(2) उक्त धारा में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, उसको किये गये किसी माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के संबंध में कोई इनपुट कर का प्रत्यय प्राप्त करने का तब तक हकदार नहीं होगा, जब तक,-

(क) से (कक) XX XX XX XX

(ख) वह माल या सेवाएं या दोनों प्राप्त नहीं कर लेता है।

स्पष्टीकरण.- इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए यह समझा जायेगा कि रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति ने माल या, यथास्थिति, सेवा प्राप्त कर ली है-

(i) जहां प्रदायकर्ता द्वारा, रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति के निदेश पर किसी प्राप्तिकर्ता को या ऐसे किसी अन्य व्यक्ति को, चाहे वह अभिकर्ता के रूप में या अन्यथा कार्य कर रहा हो, माल के संचलन पूर्व या उसके दौरान माल पर हक के दस्तावेजों के अंतरण द्वारा या अन्यथा, माल परिदत्त कर दिया जाता है;

(ii) जहां प्रदायकर्ता द्वारा ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति के निदेश पर और उसके मद्धे किसी व्यक्ति को सेवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं।

(ग) धारा 41 या धारा 43क के उपबंधों के अधीन रहते हुए, ऐसे प्रदाय के संबंध में प्रभारित कर का, नकद में या उक्त प्रदाय के संबंध में अनुज्ञेय इनपुट कर प्रत्यय का उपयोग करके वास्तविक रूप से सरकार को संदत्त न कर दिया जाए; और

(घ) XX XX XX XX

(3) XX XX XX XX XX

(4) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, उस वित्तीय वर्ष के, जिससे ऐसा बीजक या नामे नोट से संबंधित बीजक संबंधित है, अंत के अगले सितंबर मास के लिए धारा 39 के अधीन विवरणी के दिये जाने की देय तारीख के पश्चात् माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के लिए किसी बीजक या नामे नोट के संबंध में या सुसंगत वार्षिक विवरणी देने के लिए, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, इनपुट कर प्रत्यय लेने का हकदार नहीं होगा।

XX XX XX XX XX

29. रजिस्ट्रीकरण का रद्दकरण या निलंबन.- (1) XX XX

(2) समुचित अधिकारी, ऐसी तारीख जिसके अंतर्गत किसी भूतलक्षी तारीख से जैसा वह उचित समझे, किसी व्यक्ति का रजिस्ट्रीकरण रद्द कर सकेगा, जहां,-

(क) XX XX XX XX

(ख) धारा 10 के अधीन कर अदा करने वाले किसी व्यक्ति ने, तीन क्रमवर्ती कर कालावधियों तक विवरणी नहीं दी है; या

(ग) खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट व्यक्ति से भिन्न किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति ने लगातार छह मास की कालावधि तक विवरणी नहीं दी है; या

(घ) से (ङ) XX XX XX XX

(3) से (6) XX XX XX XX

XX XX XX XX XX

34. जमा पत्र और नामे नोट.- (1) XX XX XX

(2) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति जो माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के संबंध में कोई जमा पत्र जारी करता है। ऐसे जमा पत्र के ब्यौरे उस मास की विवरणी में घोषित करेगा जिसके दौरान ऐसा जमा पत्र जारी किया गया है परन्तु उस वित्तीय वर्ष जिसमें ऐसा प्रदाय किया गया था, के अंत के पश्चात् सितंबर मास से अपश्चात् या सुसंगत वार्षिक विवरणी फाइल करने की तारीख, जो भी पहले हो, तथा कर दायित्व ऐसी रीति जो विहित की जाए, में समायोजित किया जायेगा:

परन्तु यदि ऐसे प्रदाय पर कर और ब्याज का भार किसी अन्य व्यक्ति पर डाल दिया गया है तो प्रदायकर्ता के आउटपुट कर दायित्व में कोई कमी अनुज्ञात नहीं की जायेगी।

(3) से (4) XX XX XX XX

XX XX XX XX XX

37. जावक प्रदाय के ब्यौरे देना.- (1) किसी इनपुट सेवा वितरक, किसी अनिवासी कराधेय व्यक्ति और धारा 10, धारा 51 या धारा 52 के उपबंधों के अधीन कर करने वाले किसी व्यक्ति से अन्यथा प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति इलेक्ट्रानिक रूप में संदत्त ऐसे प्ररूप में और रीति से जो विहित की जाए, माल या सेवाओं या दोनों के किये गये जावक प्रदाय के ब्यौरे कर कालावधि के दौरान उक्त कर कालावधि के मास के उत्तरवर्ती दसवें दिवस से पूर्व या दसवें दिवस पर देगा और ऐसे ब्यौरे उक्त प्रदाय के प्राप्तिकर्ता को ऐसी समयावधि के भीतर और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, संसूचित किये जायेंगे:

परन्तु रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को कर कालावधि के उत्तरवर्ती मास के ग्यारहवें दिवस से पन्द्रहवें दिवस तक की कालावधि के दौरान जावक प्रदाय के ब्यौरे देने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जायेगा:

परन्तु यह और कि आयुक्त, ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किये जायेंगे, अधिसूचना द्वारा कराधेय व्यक्ति, जो उसमें विनिर्दिष्ट किये जाएं, के ऐसे वर्ग के लिए, ऐसे ब्यौरे देने के लिए समय सीमा विस्तारित कर सकेगा:

परन्तु यह और भी कि केन्द्रीय कर आयुक्त द्वारा अधिसूचित समय सीमा का कोई विस्तार आयुक्त द्वारा अधिसूचित किया गया समझा जायेगा।

(2) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जिसको धारा 38 की उप-धारा (3) के अधीन ब्यौरे या धारा 38 की उप-धारा (4) के अधीन इनपुट सेवा वितरक के आवक प्रदायों से संबंधित ब्यौरे संसूचित किये गये हैं, सत्रहवें दिवस या उससे पूर्व इस प्रकार संसूचित ब्यौरे को या तो मंजूर या नामंजूर करेगा, परन्तु कर कालावधि के उत्तरवर्ती मास के पंद्रहवें दिवस से पूर्व नहीं करेगा तथा उसके द्वारा उप-धारा (1) के अधीन दिये गये ब्यौरे तदनुसार संशोधित होंगे।

(3) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति जिसने किसी कर कालावधि के लिए उप-धारा (1) के अधीन ब्यौरे दिये हैं और जो धारा 42 या धारा 43 के अधीन बिना मिलान के रह गये हैं, उसमें किसी त्रुटि या लोप का पता लगने पर ऐसी त्रुटि या लोप का ऐसी रीति से जो विहित की जाए, सुधार करेगा, तथा यदि ऐसी कर कालावधि के लिए दी जाने वाली विवरणी में ऐसी त्रुटि या लोप के कारण कर का कम संदाय हुआ है तो कर और ब्याज, यदि कोई हो, का संदाय करेगा:

परन्तु उस वित्तीय वर्ष, जिससे ऐसे ब्यौरे संबंधित हैं, के अंत के पश्चात् सितंबर मास के लिए धारा 39 के अधीन विवरणी देने के पश्चात् या सुसंगत वार्षिक विवरणी देते हुए, जो भी पूर्वतर है, उप-धारा (1) के अधीन दिये गये ब्यौरे के संबंध में त्रुटि या लोप का कोई सुधार अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

XX XX XX XX XX

38. आवक प्रदाय के ब्यौरे देना.- (1) किसी इनपुट सेवा वितरक या किसी अनिवासी कराधेय व्यक्ति या धारा 10, धारा 51 या धारा 52 के उपबधों के अधीन कर संदत्त करने वाले किसी व्यक्ति से अन्यथा प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, यदि अपेक्षित हो, अपने आवक प्रदायों और जमा पत्र या नामे नोट के ब्यौरे तैयार करने के लिए धारा 37 की उप-धारा (1) के अधीन संसूचित जावक प्रदायों और जमा पत्र या नामे नोट से संबंधित ब्यौरे सत्यापित करेगा, विधि मान्य करेगा, उपांतरित करेगा

या हटायेगा और उसमें ऐसे प्रदायों, जो धारा 37 की उप-धारा (1) के अधीन प्रदायकर्ता द्वारा घोषित नहीं किये गये हैं, के संबंध में प्राप्त आवक प्रदायों और जमा पत्र या नामे नोट के ब्यौरे सम्मिलित कर सकेगा।

(2) किसी इनपुट सेवा वितरक या किसी अनिवासी कराधेय व्यक्ति या धारा 10, धारा 51 या धारा 52 के उपबधों के अधीन कर संदत्त करने वाले किसी व्यक्ति से अन्यथा प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, इलेक्ट्रानिक रूप में कराधेय माल या सेवाओं या दोनों, जिसके अंतर्गत माल या सेवाओं या दोनों के आवक प्रदाय, जिन पर इस अधिनियम के अधीन प्रतिलोम आधार पर कर संदेय है तथा एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम के अधीन माल या सेवा या दोनों के आवक प्रदाय या जिस पर सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (1975 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 51) की धारा 3 के अधीन समन्वित माल और सेवा कर संदेय है तथा कर कालावधि के दौरान दसवें दिवस के पश्चात् परन्तु कर कालावधि के उत्तरवर्ती मास के पंद्रहवें दिवस या उससे पूर्व ऐसे प्ररूप और रीति से जो विहित की जाए, ऐसे प्रदायों के संबंध में प्राप्त जमा पत्र या नामे नोट के ब्यौरे देगा:

परन्तु आयुक्त, ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किये जायेंगे, अधिसूचना द्वारा कराधेय व्यक्ति, जो उसमें विनिर्दिष्ट कियें जाएं, के ऐसे वर्ग के लिए ऐसे ब्यौरे देने के लिए समय सीमा विस्तारित कर सकेगा:

परन्तु यह और कि केन्द्रीय कर आयुक्त द्वारा अधिसूचित समय-सीमा का कोई विस्तार आयुक्त द्वारा अधिसूचित किया गया समझा जायेगा।

(3) से (5) XX XX XX XX

39. विवरणियां देना.- (1) से (4) XX XX XX

(5) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत अनिवासी कराधेय व्यक्ति प्रत्येक कलैंडर मास या उसके किसी भाग के लिए, ऐसे प्ररूप और रीति से, जो विहित की जाए, कलैंडर मास के अंत के पश्चात् बीस दिवसों के भीतर या धारा 27 की उप-धारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण की कालावधि के

अंतिम दिवस के पश्चात् सात दिवसों के भीतर, जो भी पूर्वतर हो, इलेक्ट्रानिक रूप में विवरणी देगा।

(6) XX XX XX XX

(7) उप-धारा (1) के परन्तुक में निर्दिष्ट व्यक्ति से भिन्न, प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जिससे उप-धारा (1) या उप-धारा (3) या उप-धारा (5) के अधीन कोई विवरणी देने की अपेक्षा की जाती है, ऐसी विवरणी के अनुसार देय कर, ऐसी अंतिम तारीख, जिसको उससे ऐसी विवरणी देने की अपेक्षा की जाती है, के अपश्चात् सरकार को संदत्त करेगा:

परन्तु उप-धारा (1) के परन्तुक के अधीन विवरणी देने वाला प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, किसी मास के दौरान, माल या सेवाओं या दोनों के आवक और जावक प्रदायों, प्राप्त इनपुट कर प्रत्यय, संदेय कर और ऐसी अन्य विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए, ऐसे प्ररूप में और रीति से और ऐसे समय के भीतर-भीतर, जो विहित किया जाये, देय कर सरकार को संदत्त करेगा:

परन्तु यह और कि उप-धारा (2) के अधीन विवरणी देने वाला प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, किसी तिमाही के दौरान, राज्य में के आवर्त, माल या सेवाओं या दोनों के आवक प्रदायों, संदय कर और ऐसी अन्य विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए, ऐसे प्ररूप में और रीति से और ऐसे समय के भीतर- भीतर, जो विहित किया जाये, देय कर सरकार को संदत्त करेगा।

(8) XX XX XX XX

(9) धारा 37 और धारा 38 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, यदि किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को उप-धारा (1) या उप-धारा (2) या उप-धारा (3) या उप-धारा (4) या उप-धारा (5) के अधीन विवरणी देने के पश्चात् कर प्राधिकारियों द्वारा संवीक्षा, लेखापरीक्षा, निरीक्षण या प्रवर्तन क्रियाकलाप के परिणामस्वरूप से अन्यथा, उसमें किसी लोप या अशुद्ध विशिष्टियों का पता चलता है तो वह इस अधिनियम के अधीन ब्याज के संदाय के अध्यधीन रहते हुए, ऐसे लोप या अशुद्ध विशिष्टियों का, ऐसे प्ररूप में और रीति से, जैसाकि विहित किया जाए, सुधार करेगा:

